Farewell 2023

Sweet is the memory of distant friends! Like the mellow rays of the departing sun, it falls tenderly, yet sadly, on the heart!

On 28.01.2023 in the premises of St. Montfort School, Bhopal, the farewell ceremony for the students of class 12th batch 2022-2023 was organized as "Blessing Day Ceremony ."On this occasion, the Principal of the school, Bro. Monachan K.K., Vice-Principal Brother Edmund Soreng, Coordinators,teachers and parents were present.The school premises was beautifully decorated by the students of class 11th.The whole campus gave a glimpse of Rainbow depicting the various costumes of students as different colors. The day started with great excitement and merriment, as all the Class XII students dressed up to their glamorous best and arrived with there Parents. The function commenced with prayer song and lighting of lamp. Mrs. Nupur Sharma, the guardian of class 12th student Divyash Sharma acknowledge the teachers and the school. she also said that discipline is not possible without school and education without discipline. Students of class 11th, presented Group dance and Group song the performances entertained the audience to the fullest. Interesting and tricky games were played to pep up the environment. After this the awards were presented by our Principal Bro.Monachan K.K. The winners were –

MR. MONTFORT– Mast.Brahmjot Singh Saini

MISS MONTFORT –Miss. Khushi Chauhan.

SCHOLAR OF THE YEAR– Mast.Arpit Singh.

MOST DISCIPLINED–Miss.Rashi Nambiar.

MOST PUNCTUAL–Miss.Khushi Singh.

Principal Bro. Monachan K.K. gave the Farewell Speech and motivated the students to imbibe the values inherited in school and do all the good in society .

Summing up, the day was great, filled with nostalgia and fun and excitement!

Saikiran Naidu

विदाई समारोह 2023

''वो जो जाते हैं स्कूल उन रास्तों से
जुदा हम हो गए,
आज अपने स्कूल से विदा हम हो गए।''

दिनांक 28.01.2023 को सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, भोपाल के परिसर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों हेतु विदाई समारोह ''आशीर्वाद दिवस'' के रूप में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के., उप–प्राचार्य ब्रदर एडमन्ड सोरेंग कोऑर्डिनेटर्स तथा शिक्षकगण उपस्थित थे। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर की सुन्दर सजावट की गई तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक स्वागत वदंन एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का आरंभ प्रार्थना गीत तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा एकल तथा सामूहिक गीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। सभी ने अपने – अपने अनुभव साझा किए। छात्रों ने जीवन में सफलता प्राप्त करने का साधन शिक्षकों एवं विद्यालय को बताया। उनका कहना था कि विद्यालय बिना विद्या एवं शिक्षक के संभव नहीं है। कक्षा 12वीं के छात्र दिव्यांश शर्मा की अभिभावक श्रीमती नुपूर शर्मा ने भी विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने का साधन शिक्षकों तथा विद्यालय को बताया। उनका कहना था कि विद्यालय बिना विद्या एवं शिक्षा बिना अनुशासन संभव नही है।
मनोविनोद हेतु हास्य प्रस्तुति का मंचन किया गया। कार्यक्रम के बीच–बीच में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यार्थियों द्वारा बेंड की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात् कक्षा 12 से मिस्टर मोंटफोर्ट एवं मिस मोंटफोर्ट 2023 पद के लिए मास्टर ब्रह्मजोत सिंह सैनी एवं खुशी चौहान् को पुरस्कृत किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को उनकी विशेषताओं के अनुसार विशेष टाइटल दिए गए।

विद्यालय द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। सत्र 2022–2023 के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय को यादगार स्वरूप स्पीकर, फुटबॉल तथा दीवार घड़ी प्रदान किए गए।

विद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा समझाया कि जीवन में प्रत्येक का सपना सच हो सकता है, यदि आप कर्मठ है। कार्यक्रम के अंत में ग्रांड फिनाले के माध्यम से विद्यार्थियों ने धमाकेदार प्रस्तुति दी। जिसने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सभी शिक्षकों ने 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामना देते हुए अनेक आशीर्वाद दिए। सभी ने विद्यार्थियों की उन्नति एवं जीवन में ऊँचाईयों को छूने की ईश्वर से कामना की। छात्रों की आँखें नम थीं। आज उन्हें लग रहा था कि वे विद्यालय से अलग हो रहे है लेकिन साथ में जीवन की सारी खुशियाँ एवं दुआएँ साथ लेकर जा रहे है। ये पल उनके लिए यादगार बन गए। अतं में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं 12वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। संपूर्ण कार्यक्रम उत्साह एवं जोश के साथ संपन्न हुआ।

श्रीमती बीनू चांदोलिया